दिनांक: 19.07.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री स्पेन

मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने कहा है कि देश में आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थियों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। स्पेन प्रवास के दौरान कल उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में तेजी से आयुष्मान कार्ड जारी किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तत्काल चिकित्सा की जरूरत वाले मरीजों को मुफ्त में एयर एम्बुलेंस दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री स्पेन प्रवास के चौथे और आखिरी दिन आज बार्सिलोना की सांस्कृतिक एवं स्थापत्य धरोहर स्थलों का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री बार्सिलोना स्थित विश्वप्रसिद्ध पिकासो संग्रहालय का भ्रमण भी करेंगे।

प्रधानमंत्री–मंगल पांडे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को आज उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मंगल पांडे को देश का महान योद्धा बताते हुए उनकी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंगल पांडे ने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी थी और उनके साहस और वीरता की कहानी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने भी स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को श्रद्धांजलि दी है ।

आईआईटी–प्रधान

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत का वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना तय है और इस लक्ष्य को हासिल करने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका होगी। केरल में आईआईटी पलक्कड़ के दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में एक समावेशी और नैतिक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की कल्पना की है। उन्होंने तकनीकी आत्मनिर्भरता की आवश्यकता और कृषि में आधुनिक तकनीक के महत्व पर भी बल दियझं

सर्वदलीय बैठक

संसद का मॉनसून अधिवेशन सोमवार से शुरू हो रहा है। सरकार ने संसद के दोनों सदनों में सुगम कामकाज सुनिश्चित करने के लिए कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगा जायेगा। मॉनसून अधिवेशन 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित कराए जाने की उम्मीद है।

मौसम

प्रदेश के कई जिलों में लगातार बारिश की वजह से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। पिछले 24 घंटों में छतरपुर, टीकमगढ़, सतना, गुना समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात रहे। कई गांव पानी में डूबे रहे तो डैम ओवरफ्लो हो गए। मौसम विभाग ने आज 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश से एक मानसून टर्फ गुजर रही है। वहीं, एक डिप्रेशन भी एक्टिव है। इस वजह से आज कई जिलों में भारी बारिश होगी, लेकिन इसके बाद सिस्टम के कमजोर होने की संभावना है।

महिला क्रिकेट

मेज़बान इंग्लैड और भारत की महिला टीमों के बीच तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच आज लंदन के लॉर्डर्स मैदान में होगा। भारतीय टीम ने श्रृंखला के पहले मैच में साउथम्टन में इंग्लैंड को चार विकेट से हराया था। तीसरा और आखिरी मैच 22 जुलाई को चेस्टर ले स्ट्रीट में खेला जाएगा।

जी20–वित्तमंत्री बैठक

दक्षिण अफ्रीका के डरबन में जी–20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक संपन्न हो गई है। बैठक में संघर्ष, व्यापार तनाव, आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान, ऋण और जलवायु संबंधी आपदाओं सहित प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की गई। इसमें मौजूदा और उभरते जोखिमों से निपटने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया गया।

समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में नमकीन, मिष्ठान्न और बेकरी बनते पाये जाने पर एक कारखाने से खाद्य पदार्थों के निर्माण को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

- नर्मदापुरम जिले में आयुध निर्माणी इटारसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुखतवा में विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण सामग्री प्रदान की।

- नशा मुक्त अभियान के तहत आगरमालवा पुलिस विभाग द्वारा कल झुग्गी–झोपड़ियों और चिन्हित स्थलों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- पन्ना जिले मे वन बिभाग द्वारा सर्पदंश जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हे। अभियान के तहत गाँवों में आल्हा गायन के माध्यम से ग्रामीण लोगों को जागरूक किया जा रहा है।